हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 15 फरवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा



04 बिलावली महाकालेश्वर मंदिर पर दर्शन के...





07 बोर्ड परीक्षा, महाशिवरात्रि, होली व अन्य पर्वों को...




### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर चल रहा पांच दिवसीय आयोजन

## गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर महिलाओं ने भजन संगीत का कार्यक्रम रखा, भोलेनाथ की भरी पसी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा


महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में पांच दिवसीय महोत्सव चल रहा है। शुक्रवार व शनिवार को महादेव मंदिर पर भजन संगीत के साथ भोलेनाथ की पसी भरने का कार्यक्रम हुआ। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने बाबा भोलेनाथ व माता पार्वती के विवाह पर भजनों की प्रस्तुति दी। श्री गुप्तेश्वर महादेव भक्त मंडल के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर बाबा गुप्तेश्वर महादेव के विवाह के अवसर पर पांच दिवसीय महोत्सव बुधवार से प्रारम्भ हुआ। जिसके अंतर्गत हल्दी , मेहंदी के साथ विवाह की सभी रस्में निभाई जा रही है।

शिव पार्वती के विवाह का महोत्सव महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शुक्रवार व शनिवार को दोपहर में बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा मंदिर में भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी रखा गया वहीं भगवान भोलेनाथ की पसी भी महिलाओं द्वारा भरी गई जिसमें उनके द्वारा अक्षत फल व नैवेध के साथ नगद राशि भरी गई। शुक्रवार रात्रि में 7.30 बजे श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से ढोल ढमाकों के साथ भगवान भोलेनाथ का प्रोसेशन बाना निकाला गया। जिसमें भगवान भोलेनाथ के मुखोटे को दूल्हे के रूप में सजा कर बाबा के भक्त ओम जी अग्रवाल पचलाना वालों की निवास पर ले जाया गया। जहां पर भोलेनाथ की पसी भरी गई। इसमें बड़ी संख्या में बाबा के भक्त और महिलाओं द्वारा भाग लिया गया। श्री अग्रवाल के निवास पर सभी भक्तों को फलाहारी प्रसादी का वितरण किया गया। शनिवार को शाम 6 बजे श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ के विवाह के अवसर पर बाना निकाला गया। इसमें भक्तगण भोलेनाथ के मुखोटे को दूल्हे के रूप में सजा कर बैंड बाजे व ढोल ढमाकों के साथ गोविंदपुरा स्थित पाटीदार धर्मशाला पर पहुंचे। जहां पर सभी भक्तों के लिए भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया।

### प्रभातफेरी में फाग उत्सव का होगा आयोजन, गुप्तेश्वर महादेव की होगी वर निकासी

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर में उत्साह व्याप्त है। इस दिन प्रभातफेरी के दौरान जहां फाग उत्सव मनाया जाएगा वही भगवान गुप्तेश्वर महादेव की वर निकासी भी होगी। रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री राम संकीर्तन यात्रा में प्रातः 5.30 बजे श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर चौक बाजार से फाग उत्सव का आयोजन होगा। इसके साथ ही भक्तगणों द्वारा देवाधिदेव भगवान श्री गुप्तेश्वर महादेव की वर निकासी कर चल समारोह निकाला जाएगा। दोपहर 3 बजे से श्री गुप्तेश्वर महादेव की बारात धूमधाम से नगर में निकाली जाएगी।

### गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ को नगर भ्रमण पर निकाला जाएगा



**नलखेड़ा।** नगर में महाशिवरात्रि का पर्व आज धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। नगर के विभिन्न महादेव मंदिरों पर बाबा भोलेनाथ का महा रुद्राभिषेक, महायज्ञ, 56 भोग सहित कई कार्यक्रम होंगे। नगर के प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ को दूल्हे के रूप में सेहरा बांधकर नगर भ्रमण पर धूमधाम के साथ निकाला जाएगा। माता पार्वती एवं शिवजी के विवाह के महापर्व पर आज नगर के प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, गोंदलमऊ स्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर जहां पर शिवलिंग पर 1111 शिवलिंग की आकृति उभरी हुई है ऐसे स्थल पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर भोलेनाथ की भक्ति तथा अभिषेक करेंगे।

ग्राम लालूखेड़ी स्थित जालेश्वर महादेव मंदिर, बड़ागांव स्थित भोगेश्वर महादेव मंदिर, ताखला स्थित तारकेश्वर महादेव मंदिर सहित क्षेत्र तथा नगर के अन्य शिव मंदिरों पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। भक्तों द्वारा महा रुद्राभिषेक के साथ भोले की भक्ति की जाएगी। शिवरात्रि पर्व पर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ दूल्हे के रूप में सेहरा बांधकर फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजित होकर ठाट - बाट के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे। स्थान-स्थान पर भक्तों द्वारा भगवान की पूजा अर्चना कर आरती की जाएगी।

## सीएम ने जिले की लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा खंडवा जिले के पंधाना से लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस अवसर पर आगर मालवा जिले की 113838 पात्र लाड़ली बहनों के बैंक खातों में राशि अंतरित की गई।

शनिवार को जिले में इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां लाड़ली बहनों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना।

## शिशु मंदिर में मातृ-पितृ दिवस मनाया



**नलखेड़ा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर माधवकुंज में शनिवार को मातृ-पितृ दिवस मनाया गया। शनिवार को माधव कुंज परिसर में मातृ-पितृ दिवस अत्यंत श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक प्रजापति की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित माता-पिता का बच्चों द्वारा श्रद्धा के साथ पूजन कर श्रीफल भेंट किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन में माता-पिता के त्याग प्रेम समर्पण तथा बच्चों के जीवन निर्माण में उनकी अमूल्य भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने मातृ-पितृ सम्मान संस्कारों के संरक्षण तथा परिवार के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि माता-पिता केवल हमारे जन्मदाता ही नहीं बल्कि जीवन के प्रथम गुरु और संस्कारों के निर्माता हैं। उक्त आयोजन न केवल सम्मान का प्रतीक बना बल्कि बच्चों एवं अभिभावकों के मध्य आत्मीयता और संस्कारों के बंधन को और अधिक सुदृढ़ कर गया।

### रफत उल्ला खान का सिविल सर्विस हॉकी प्रतियोगिता में चयन

**सीहोर।** केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित भारतीय सिविल सेवा हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 में सीहोर के रफत उल्ला खॉन का चयन मध्यप्रदेश सिविल सर्विस टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 17 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है। रफत उल्ला खान वर्तमान में जिला चिकित्सालय सीहोर में पदस्थ हैं। उनके चयन पर जिला चिकित्सालय परिवार में हर्ष का माहौल है। उल्लेखनीय है कि रफत उल्ला खान पूर्व में भी विभिन्न सिविल सर्विस प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। सिविल सर्जन डॉ. उमेश श्रीवास्तव, आरएमओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, सहित अनेक डॉक्टरों एवं स्टॉफ ने शुभकामनाएं दी हैं।

## खाटू नरेश का 11 हजार रुद्राक्ष से किया गया श्रृंगार



**सीहोर ।** एकादशी पर शुक्रवार को सैकड़ाखेड़ी पर स्थिति बाबा खाटू श्याम के मंदिर पर जिले सहित प्रदेश भर से एक लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक ऋषि सोलंकी ने बताया कि शनिवार कोग्यारस और रुद्राक्ष महोत्सव के उपलक्ष्य में बाबा खाटू नरेश का 11 हज़ार रुद्राक्ष से श्रृंगार किया गया ।

इस एकादशी पर सुबह से शाम तक में सीहोर, भोपाल, आष्टा,इछावर,होशंगाबाद ,राजगढ़ ,बैतूल , इटारसी सहित प्रदेश के अन्य स्थानों से एक लाख से अधिक श्रद्धालु बडी संख्या में दर्शन करने पहुंचे कई पैदल श्रद्धालुओं का जत्था भी बाबा श्याम का निशान लेकर मंदिर पहुंचे। मंदिर समिति के जगदीश सोलंकी ने बताया कि बाबा के दरबार में प्रत्येक एकादशी पर श्रद्धालुओं द्वारा बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी जाती है, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बन जाता है। मंदिर के प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर ने बताया कि बाबा श्याम का इस बार ११ हज़ार रुद्राक्ष से आकर्षक श्रृंगार भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता नजर आया हर ग्यारस पर बाबा का श्रृंगार किया जाता है रुद्राक्ष के श्रृंगार से बाबा खाटू नरेश भोलेनाथ का स्वरूप धारण किए हुए भक्तों का मन मोह रहे थे।

वहीं श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर दरबार में अर्जी लगाने पहुंचते है। मनोकामना पूर्ण होने पर दोबारा मंदिर में आकर मत्था टेकते हैं। आगे उन्होंने बताया कि आगामी 27 फरवरी को बाबा श्याम की होली फाग महोत्सव का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा इसके साथ ही 11 हज़ार रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। मंदिर में व्यवस्थाओं को लेकर समिति के मांगीलाल सोलंकी, ओम प्रकाश सोलंकी, दिनेश सोलंकी, महेश सोलंकी, सुरेश सोलंकी, नितिन सोलंकी, मनीष सोलंकी, यश सोलंकी सहित सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहता है।

## नपा के 100 कर्मचारी कुबेरेश्वरधाम पर तैनात, बेहतर इंतजाम की व्यवस्था की जाएगी : नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में होने वाले शिवमहापुराण को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अमले को ड्यूटी पर तैनात किया है। इसको लेकर शुक्रवार को नगर पालिका के सभाकक्ष में नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार, पार्षदों और स्वच्छता प्रभारी अमित यादव आदि की उपस्थिति में शहर और धाम को लेकर स्वच्छता के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि हमारे क्षेत्र की आन, बान और शान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में होने वाला रुद्राक्ष महोत्सव हमारे लिए गौरव का विषय है, इसमें 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसको लेकर मंदिर परिसर में स्वच्छता के लिए 100 से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका सीहोर की ओर से 100 से अधिक सफाई मित्रों को यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के कार्य के लिए लगाया गया है। इसके अलावा पानी के टैंकर, फायर बिग्रेड, 20 कचरा गाड़ी आदि की व्यवस्था भी की गई है। नगर पालिका अमले के द्वारा नियमित रूप से साफ सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा आयोजन के लिए पेयजल और सफाई के विशेष इंतजाम आगे भी पूरी तरह किए जाएंगे, जहां पर भी आवश्यकता होगी। वह बेहतर इंतजाम की व्यवस्था की जाएगी। वहीं नगर पालिका सीएमओ ने शहर में भी स्वच्छता की व्यवस्था का इंतजाम के लिए भी तैयार रहने के लिए कहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि कुंभ की तर्ज पर होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर अधिकांश अमला धाम पर है, ऐसे में सफाई आदि कार्य में कुछ विलंब हो सकता है, वहीं हमारे कर्मचारियों आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।

### शहर की जल सप्लाई ठप होने का खतरा, नपा अमले ने मौके पर पहुंचकर जारी किए नोटिस

## जमोनिया जोड़ व सायलों केंद्र के आसपास पाइप लाइन पर बने 11 मकान टूटेंगे, 3 दिन का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के गंज और मंडी क्षेत्र की प्यास बुझाने वाली मुख्य राइजिंग पाइप लाइन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। सायलों क्षेत्र के पास पाइप लाइन के ऊपर बने 11 अवैध मकानों को हटाने के लिए नगर पालिका ने नोटिस जारी कर तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। विभाग ने साफ किया है कि यदि रहवासी स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो नपा बलपूर्वक कार्रवाई करेगी। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार जमोनिया जलाशय से मंडी और गंज क्षेत्र की ओर आने वाली मुख्य राइजिंग मेन लाइन के ऊपर लोगों ने एक-दूसरे की देखा-देखी पक्के निर्माण कर लिए हैं। हालत यह है कि पाइप लाइन पूरी तरह मकानों के नीचे दब गई है। यदि इस लाइन में कोई लीकेज या खराबी आती है तो उसकी मरम्मत करना वर्तमान स्थिति में नामुमकिन है। गर्मी से पहले नपा अलर्ट मोड पर आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर पालिका जल प्रदाय विभाग अलर्ट मोड पर है। शहर के एक बड़े हिस्से में जल संकट न गहराए, इसके लिए इन पाइप लाइनों का दुरुस्त होना अनिवार्य है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर 12 फरवरी को यह नोटिस दिए गए हैं। अधिकारियों का सख्त रुख नगर पालिका के एई विजय कोली ने बताया कि संबंधित मकान मालिकों को नोटिस थमा दिए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट उल्लेख है कि निकाय की जलापूर्ति लाइन पर किया गया अतिक्रमण अवैध है। निर्माण न हटाने की स्थिति में होने वाली तोडफ़ोड़ की समस्त जिम्मेदारी और हर्जाना संबंधित व्यक्ति का होगा।





## नए कनेक्शन के लिए अब एमपी ऑनलाइन के माध्यम से करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को नए वर्ष में सौगात दी है। बिजली उपभोक्ता अब एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर नया बिजली कनेक्शन ले सकेंगे। इसके लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एम.पी. ऑनलाइन से अनुबंध संपादित किया है और बिजली उपभोक्ताओं को यह सुविधा जनवरी 25 के अंतिम सप्ताह से मिलना शुरू हो जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक एवं निदेशक (वाणिज्य) की उपस्थिति में मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) एवं एम.पी. ऑनलाइन के बिजनेस हेड द्वारा कंपनी मुख्यालय में अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को आसान और त्वरित माध्यम से बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए एम.पी.ऑनलाइन से एक अनुबंध हस्ताक्षरित किया है जिसके अनुसार अब एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भी आवेदन कर नया बिजली कनेक्शन आसानी से मिलेगा। इसके अतिरिक्त गैर कृषि उपभोक्ताओं का ईकेवाईसी, पीएम सीएम किसान सम्मान निधि लाभार्थी का सत्यापन तथा पूर्व से विद्यमान कनेक्शन में भार वृद्धि, नाम परिवर्तन इत्यादि की सुविधा भी एमपी ऑनलाइन के माध्यम से मिलने लगेगी।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा में लापरवाही: दो पर्यवेक्षक निलंबित किए

**देवास।** जिला अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश भोपाल की परीक्षा वर्ष 2025-26 के दौरान पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने दो पर्यवेक्षकों को निलम्बित किया है तथा केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष को शोकाज नोटिस जारी किया है, जिसमें परीक्षा केन्द्र अशा. कैमब्रिज उ.मा.वि. देवास में पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षक गिरिश कौशल एवं परीक्षा केन्द्र अशा. सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि. विजय नगर देवास में पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त दरक्षा कुरैशी को पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर निलम्बित किया है। परीक्षा केन्द्र अशा. सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि. विजय नगर देवास की केन्द्राध्यक्ष वंदना वर्मा तथा सहायक केन्द्राध्यक्ष लोकेश गुर्जर एवं परीक्षा केन्द्र अशा. कैमब्रिज उ.मा.वि. देवास की केन्द्राध्यक्ष प्रभा वर्मा तथा सहायक केन्द्राध्यक्ष महेन्द्र वर्मा को शोकाज नोटिस जारी कर 03 दिवस में समाधान कारक उत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। समय-सीमा मे उत्तर प्राप्त न होने की दशा में, एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### हिन्द फौज के नन्हे सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि

**देवास।** हिन्द फौज के तत्वावधान में 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा अटैक में शहीद हुए 40 सीआरपीएफ जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में हिन्द फौज के नन्हे सैनिकों ने शहीदों को नमन करते हुए देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी शहादत को याद किया। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि पुलवामा आतंकी हमले में हमारे वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की थी। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उपस्थित सैनिकों एवं विद्यार्थियों को उस हमले की जानकारी देते हुए शहीद जवानों के साहस और समर्पण के बारे में बताया गया।

---

जिले के शिवालयों में शिवरात्रि के अवसर पर भक्तों की उमड़ेगी भीड़, भौंरासा में आयोजित हो रहा 10 दिवसीय मेला


# बिलावली महाकालेश्वर मंदिर पर दर्शन के लिए प्रशासन ने किए इंतजाम, बागली जटाशंकर में विशेष द्रव्य से अभिषेक

### गजराज पर सवार होंगे बाबा महाकाल: आज शहर में निकलेगी भव्य शिव बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर से दूरस्थ स्थित बिलावली महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के दिन विशेष दर्शन व्यवस्था और सुविधाओं को ध्यान में रखकर प्रशासन ने बेहतर प्रबंध किए हैं, ताकि श्रद्धालु आसानी से भगवान शिव के दर्शन कर सकें। शहर के मुख्य बिलावली महाकालेश्वर मंदिर में शिवरात्रि के दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का अनुमान है।

इस प्राचीन शिव मंदिर में पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं के सुगम और व्यवस्थित दर्शन के लिए सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश, पेयजल और यातायात जैसी व्यवस्थाओं पर प्रशासन और मंदिर प्रबंधकों ने खास ध्यान दिया है। जिला कलेक्टर स्तर से इन व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी हुआ है ताकि भीड़-प्रबंधन और भक्तों की सुविधा सुनिश्चित की जा सके।





### विशेष द्रव्य से होगा भगवान जटाशंकर व कर्णेश्वर महादेव का अभिषेक

**बागली।** क्षेत्र के प्रसिद्ध रामायणकालीन गिद्धराज जटायु की तपोस्थली जटाशंकर धाम में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन प्रारंभ हो गए हैं। तीर्थ के संस्थापक ब्रह्मलीन संत 1008 श्री केशव दासजी त्यागी (फलाहारी बाबा) की सूक्ष्म उपस्थिति एवं तीर्थ महंत श्री बद्रीदासजी महाराज के सानिध्य में पंचकुंडात्मक श्री शिवशक्ति महायज्ञ का विधिवत शंखनाद किया गया। यज्ञ का आचार्यत्व ब्रह्मलीन मुकुंद मुनिजी के कृपापात्र एवं वाग्योग चेतना पीठम के प्रमुख पं. कनिष्क द्विवेदी द्वारा किया जा रहा है। 15 से 19 फरवरी तक यहां सांस्कृतिक मेले एवं संत समागम का आयोजन होगा। पंडित चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि शिवरात्रि पर भगवान जटाशंकर का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सहस्त्र जलधारा अभिषेक एवं चातुर्याम पूजन किया जाएगा। विप्रजन रुद्राभिषेक करेंगे। फलाहारी बाबा के गुरु मंदिर एवं समाधि स्थल सहित संपूर्ण परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है। सभा भवन, नंदी हॉल एवं गर्भगृह को विशेष फूल बंगले से अलंकृत किया जाएगा। पुजारी पं. आनंद मिश्रा द्वारा रात्रि जागरण, मंगल आरती, मध्यान्ह आरती एवं सायं विशेष पूजन-अर्चन संपन्न होगा। रात्रि के चारों प्रहर में पारंपरिक पूजन-अभिषेक की श्रृंखला चलेगी। कार्यक्रम अंतर्गत 18 फरवरी को भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें "म्हारा उज्जैन रा महाराजा ने खम्मा रे खम्मा" फेम नितिन माली भगवान शिव एवं सांवरिया सेठ के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देंगे। संपूर्ण आयोजन की पूर्णाहुति 19 फरवरी गुरुवार को भंडारे, वसोधारा, अखाड़ा एवं भव्य जल यात्रा के साथ की जाएगी। आयोजन में अमृतदास महाराज, धामनोद षड्दर्शन रेवा मंडल के अध्यक्ष महंत अयोध्यावास खाकी (बुधनी), रामदास खाकी (दहीबेड़ा), जगदीश दास खाकी सहित अखिल भारतीय पंचरामानंदीय खाकी अखाड़ा के संत-महंत एवं विभिन्न संप्रदायों के महात्मा सम्मिलित होंगे। वहीं नगर करनावद स्थित प्राचीन कर्णेश्वर महादेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे। नगर चापड़ा में ऋणमुक्तेश्वर महादेव एवं मनमाने महादेव मंदिर पर खिचड़ी वितरण का आयोजन किया जाएगा।

### शहर में निकलेगी भव्य शिव बारात

**देवास।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नमो-नमो संस्था द्वारा लगातार 13वें वर्ष भव्य एवं अनूठी शिव बारात का आयोजन किया जा रहा है। शिव बारात आज शाम 5 बजे सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नागेश्वरी मंदिर तक पहुंचेगी। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा शिव बारात का भव्य स्वागत किया जाएगा। संस्था संयोजक राजेश यादव, अध्यक्ष वरुण अग्रवाल एवं कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि इस वर्ष की शिव बारात को विशेष रूप से आकर्षक स्वरूप दिया गया है। देश के विभिन्न राज्यों से कलाकार आयोजन में शामिल होंगे। केरल की प्रसिद्ध ढोल पार्टी, गुजरात की महिलाओं की डमरू टोली, उत्तर प्रदेश की सजीव झांकियां, रतलाम की चलित झांकियां तथा बेरसिया के कलाकारों द्वारा देवताओं की जीवंत प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इस बार झाबुआ की वनवासी टोली विशेष प्रस्तुति देगी। वहीं उज्जैन की शाही सवारी की तर्ज पर बाबा महाकाल की भव्य झांकी शिव बारात में शामिल होगी। विशेष रूप से गजराज पर सवार बाबा महाकाल की झांकी श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण रहेगी। भगवान भोलेनाथ माता पार्वती को ब्याहने के लिए प्रस्थान करेंगे, जिसका सजीव दृश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर करेगा। कार्यक्रम में देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विधायक गायत्री राजे पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### भंवरनाथ मंदिर में निभाई जाएगी परंपरा

**भौंरासा।** नगर के ऐतिहासिक और प्रसिद्ध मंदिर बाबा भंवरनाथ महाराज एवं भगवान मनकामेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर में एक अनोखी परंपरा निभाई जाएगी। यहां पहले भक्त की पूजा होगी है, उसके बाद भगवान की। महाशिवरात्रि पर यहां 10 दिवसीय ऐतिहासिक मेला आयोजित हो रहा है। यह मेला 14 फरवरी से 22 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। शुभारंभ 14 फरवरी को शाम 5 बजे मुख्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। यह मेला विशेष रूप से मवेशी मेले और कृषि प्रदर्शनी के लिए प्रसिद्ध है। साथ ही क्रिकेट, दंगल, महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहते हैं।

---

### ग्वाला-गवली यादव समाज का सातवां सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन आज

**देवास।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बसंत पंचमी समिति के तत्वावधान में देवास (ग्वाला–गवली) यादव समाज का सातवां सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन 15 फरवरी 2026, रविवार को आयोजित होगा। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम लक्ष्मीबाई मार्ग, गवली मोहल्ला, देवास में संपन्न होगा। सम्मेलन के अंतर्गत विवाह योग्य जोड़ों का वैवाहिक संस्कार वैदिक रीति-रिवाजों के साथ दोपहर 12:30 बजे से कराया जाएगा। विवाह सम्मेलन के पूर्व 15 फरवरी को सुबह 10 बजे बारात व शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकलेगी। सम्मेलन में शामिल होने वाले वर-वधू पक्ष को विभिन्न श्रेणियों में आवश्यक गृहस्थी सामग्री प्रदान की जाएगी। इसमें सोने-चांदी के आभूषण, अलमारी, बिस्तर, बर्तन, पंखा, घड़ी, मोटरसाइकिल (विशेष श्रेणी में) सहित अन्य उपयोगी वस्तुएं शामिल हैं। इसके लिए निर्धारित सहयोग राशि तय की गई है। आयोजन के दौरान धूम्रपान एवं नशे से दूर रहने की अपील भी की गई है। आयोजन समिति ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी समाज के कपिल यादव ने दी।

## ग्राम पंचायत काकड़दा में बाल वाटिका और गुनाई में नए आंगनबाड़ी भवन का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



ग्राम पंचायत काकड़दा में 5 लाख 41 हजार रुपये की लागत से निर्मित होने वाली बाल वाटिका एवं ग्राम गुनाई में 9 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बनने वाले आंगनबाड़ी भवन का शुभारंभ सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने फीता काटकर किया। स्वागत भाषण सरपंच प्रतिनिधि सुमेर सिंह नागर ने दिया। इस अवसर पर विधायक डॉ. सोनकर ने कहा कि सोनकच्छ विधानसभा की सबसे सुंदर बाल वाटिका ग्राम पंचायत काकड़दा में निर्मित हो रही है, जो क्षेत्र के बच्चों के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करेगी।कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत की ओर से विकास कार्यों के लिए रोड निर्माण, टीन शेड एवं घाट निर्माण की मांग विधायक के समक्ष रखी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष लीला बाई भेरूलाल अटारिया, जनपद पंचायत सोनकच्छ उपाध्यक्ष कृष्णा बाई मदन सिंह धाकड़, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा राजीव खंडेलवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्रसिंह राजपूत, पूर्व देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट विमल नागर ने किया एवं आभार मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा ने व्यक्त किया।

## गार्डन एसोसिएशन का दो दिवसीय पुष्प मेला शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मल्हार स्मृति मंदिर में शनिवार को दो दिवसीय पुष्प मेले का शुभारंभ एडीएम शोभाराम सोलंकी के कर कमलों से हुआ। इस वर्ष पुष्प मेले में फूल पौधों को एक उद्यान जैसा रूप देकर सजाया गया है। इस वर्ष भी पुष्प मेले में अनेक प्रकार के फूल आए है, दुर्लभ फूल में बर्ड ऑफ पेरेडाइज देखने को मिल रहा है और मौसमी फूल डेहलिया, पिटुनिया, पेंजी, डायन्थस, फ्लाक्स, वर्बिना, सेवंती, झिनिया, इम्पेशन, बिगोनिया, क्रायसेंथेमम, साल्विया, केलेन्चो है तो पन्सेटिया आदि भी अपना रंग बिखेर रहे है। ऑनामेंटल प्लांट में क्रिसमस ट्री, अरेलिया, ड्रेसिना, क्रोटन, डफन बेकिया, एग्लोनिमा, एरिकापाम, पॉम पॉम चम्पा मेले की शोभा बढ़ा रहे है।

फूलों का राजा तो हमेशा की तरह अनेक रंग रूप में आया है। इस मौसम में एडिनियम, एन्थुरियम भी फूलों के साथ दिख रहे है। गजरा गियर्स, किर्लोस्कर ब्रदर्स के पुराने बोन्साई भी है। परासिया के मिनिएचर लेण्ड स्केप पौधों को मोर आदि जैसे भिन्न भिन्न आकार में बनाकर रखा है। मंगला एवं शेकटकर द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष्य में फूलों के रंग शिवरात्रि के संग थीम पर सजावट की गई है। पुष्प मेले का एक मुख्य आकर्षण गार्डन्स एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य अमिताभ तिवारी के बनाए मिनिएचर गार्डन और बोन्साई की तो बात ही कुछ और है। इनकी इस वर्ष की थीम जंगल है, जंगल में प्रसिद्ध केवडिया पहाड भी देखा जा सकता है। एक पहाड़ में से ट्रेन भी चलती दिखती है। ग्रीन स्कुल अवार्ड वाली सेंट थॉम एकेडमी अपने फूलों, पौधों से दिखा रहा है कि ग्रीन स्कूल क्या होता है, जल संवर्धन का महत्व क्या है। काले और घार्गे अपने पेड पौधों, फूलों से संदेश दे रही है कि थोड़ी से जगह में बहुत कुछ किया जा सकता है। इस वर्ष के मुख्य प्रतिभागी गजरा गियर्स, सेनथाम अकादमी, सनफार्मा, क्यूमिन्स टर्बो टेक्नालाजी, गजरा डिफरेंशियल, ग्रेबियल, एसोसिएशन आफ इंडस्ट्रीज, मगध प्रिसिजीन, मंगला पम्पस, वंदना पलासिया, संध्या काले, अमिताभ तिवारी, हरीनाक्शी घार्गे है। यह प्रदर्शनी रविवार 15 फरवरी को भी शाम 5 से रात्रि 9 बजे तक पुष्प प्रेमियों के लिए खुली रहेगी।

### निगम आयुक्त ने गोशाला का किया निरीक्षण

**देवास।** दलीप कुमार, निगम आयुक्त द्वारा शंकरगढ़ स्थित गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला की विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी संस्था अभिरंग संचालक बसंत वर्मा से प्राप्त की गई। निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने हेतु गोबर से कंडे (उपले) का अधिक से अधिक निर्माण किया जाए तथा भविष्य में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए लगभग 10 दुग्ध देने वाली गायों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, जिससे गौशाला को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हो सके और संचालन में आर्थिक सहयोग मिल सके। साथ ही उन्होंने समाज में गौसेवा की भावना रखने वाले नागरिकों एवं किसानों से सतत संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय जाट महासभा ने आयोजित की महाराजा सूरजमल की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

राष्ट्रीय जाट महासभा के नेतृत्व में जाट शिरोमणि महाराजा सूरजमल की 320 वी जयंती इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बड़ी चौराहा पर धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। महाराजा सूरजमल के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर सैकड़ो लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ शिक्षक व जाट महासभा के जिला प्रवक्ता रामचंद्र जाट ने अपने संबोधन में बताया कि महाराजा सूरजमल आदित्य शौर्यशाली, दूरदर्शी नेतृत्व और कुशल प्रशासनिक क्षमता वाले व्यक्तित्व थे। उन्होंने कहा कि वे 18वीं शताब्दी के महान शासक थे उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी वीरता और बुद्धिमत्ता से राज्य को सशक्त बनाया। उन्होंने सामाजिक समरता, संगठन और आत्मसम्मान की भावना को मजबूत किया। कार्यक्रम में युवाओं ने महाराजा सूरजमल के जीवन से प्रेरणा लेने और समाज में शिक्षा, संगठन एवं सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील ठींगला, उपाध्यक्ष कमल रियाड, जिला अध्यक्ष दुर्गेश डांगा, जिला सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुकेश जाट, तहसील अध्यक्ष जगदीश जाखड़, उपाध्यक्ष गोवर्धन पटेल, मोहन मुहाल, रमेश जाखड़, मोहन सेंगवा, मोहन सारण, बलराम कुड़िया,रवि पूनिया, बाबूलाल थारोल और जाट समाज के साथ साथ अन्य समाज के भी कई लोग उपस्थित थे। जिला प्रवक्ता रामचंद्र जाट ने महासभा की ओर से महाराजा सूरजमल की प्रतिमा लगाने हेतु बड़ी से चापड़ा चौराहे के मध्य एक उपयुक्त स्थान प्रदान करने की शासन प्रशासन से मांग की है ।

---

विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विधिक दक्षता संवाद सत्र की हुई शुरुआत

# संवाद सत्र में विषय चयन अधिवक्ताओं को दिशा देंगे न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रशासनिक न्यायाधिपति विवेक रूसिया की दूरदर्शी सोच, व्यक्तिगत प्रेरणा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में ए.डी.आर भवन जिला न्यायालय परिसर देवास, में विधिक दक्षता संवाद श्रृंखला का शुभारंभ किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मिश्र के सतत मार्गदर्शन का प्रतिफल है, जिन्होंने अधिवक्ताओं के व्यावसायिक उत्थान एवं दक्षता संवर्धन के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता करते हुए स्वयं इस श्रृंखला की परिकल्पना की है। इस श्रृंखला का मूल उद्देश्य अधिवक्ताओं विशेषकर नवीन/युवा अधिवक्ताओं को विधिक विषयों पर व्यावहारिक एवं क्रियात्मक ज्ञान प्रदान करना है, जिससे उनकी पैरवी - कौशल में वृद्धि हो सके। इस श्रृंखला के अंतर्गत प्रत्येक अकार्य शनिवार को एक संवादात्मक आयोजन किया जाएगा, जिसमें न्यायिक अधिकारी स्वयं उपस्थित होकर अधिवक्ताओं को विधिक विषयों पर व्याख्यान/मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। विशेष बात यह है कि प्रत्येक सत्र का विषय अधिवक्ताओं द्वारा स्वयं सुझाया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि प्रशिक्षण उनकी वास्तविक आवश्यकताओं एवं व्यावहारिक कठिनाइयों के अनुरूप हो। प्रधान जिला न्यायाधीश ने युवा वकीलों को संबोधित करते हुए कहा कि एक सफल अधिवक्ता वही है जो अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखते हुए केवल तथ्यों पर ध्यान केंद्रित करे। मुख्य परीक्षण जहां आपके केस की नींव रखता है, वहीं प्रतिपरीक्षण सत्य को खोजने का एक महत्वपूर्ण अस्त्र है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता को अपने गवाह से ऐसे प्रश्न पूछने चाहिए जिससे केस की कहानी स्पष्ट रूप से न्यायालय के समक्ष आए। इसमें 'सूचक' प्रश्न' पूछने से बचना चाहिए। एक अधिवक्ता को पता होना चाहिए कि कब प्रश्न पूछना है और उससे भी महत्वपूर्ण यह कि कब प्रश्न 'नहीं' पूछना है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धाराओं का गहराई से अध्ययन करें। उन्होंने कहा कि ''वकालत का पेशा निरंतर सीखने का है, और आपकी तैयारी ही न्यायालय में आपकी सबसे बड़ी शक्ति है।''इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता और बड़ी संख्या में युवा अधिवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में नवागत अधिवक्ताओं की शंकाओं का समाधान भी किया गया। उक्त विधिक दक्षता संवाद श्रृंखला कार्यक्रम के साथ ही मध्यस्थता जारूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें नवीन/युवा अधिवक्ताओं को मध्यस्थता योजना के अंतर्गतः- मध्यस्थता की प्रक्रिया, उसके लाभ एवं समय की बचत के साथ - साथ पक्षकारों के आपसी विवाद को मध्यस्थता के माध्यम से किस प्रकार से निराकरण होता है की जानकारी देकर जागरूक किया साथ ही यह भी बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों का शीघ्र निराकरण होने से न्यायालय में लंबित प्रकरणों की संख्या भी कम सके। मध्यस्थता के माध्यम से अधिकांशतः वैवाहिक प्रकरण एवं आपराधिक प्रकरणों का निराकरण करने के लिए अगर पक्षकारों को मध्यस्थता योजना की सही जानकारी व प्रक्रिया का अधिवक्तागण द्वारा समझाईश दी जाए तो न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का अधिक संख्या में निराकरण हो सकता है। कार्यक्रम में जितेन्द्र सिंह कुशवाह, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय देवास, विकास शर्मा विशेष न्यायाधीश देवास एवं जिला न्यायालय देवास मुख्यालय के समस्त न्यायाधीशगण, अशोक वर्मा, अध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ देवास सहित 100 से अधिक अधिवक्ताओं विशेषकर नवीन/युवा अधिवक्तागण, सम्मिलित हुए, शासकीय अधिवक्ता, जिला लोक अभियोजन अधिकारी, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसेल के चीफ, डिप्टी, अस्सिटेंट उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा शुरू

**ललितपुर।** कस्बा बांसी में पुलिस चौकी के सामने बुन्देला निवास पर श्रीधाम वृंदावन से आए मुरारीदास महाराज की श्रीमद भागवत कथा कलश यात्रा के साथ आरम्भ हुई। कलश यात्रा में परीक्षत कुमकुम वीरेन्द्र सिंह बुन्देला, मधु बीर बुन्देला एवं उनके परिवारजनों द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण को अपने सिर पर धारण किया गया। कलश यात्रा बुंदेला के पुराने मकान मेन रोड बांसी से आरंभ हुई एवं गीत संगीत के साथ सभी महिलाएं सिर पर कलश रखकर हजारिया महादेव बड़ा तालाब शनि मंदिर पहुंचकर कलश में जल लेकर के कथा स्थल पर पहुंची। जहां पर कथा व्यासजी द्वारा काकभूसुंडी की कथा के साथ श्रीमद भागवत का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उनके परिवार की साथ सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मारपीट व धमकी मामले में 4 पर एफआईआर

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के जुगपुरा मोहल्ले में एक बुजुर्ग के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता रामकली पत्नी दयाली की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार 7 फरवरी को जुगपुरा स्थित विद्या बाल स्कूल के पास रहने वाले केशर, पुष्पेंद्र यादव, गोलू यादव एवं ऊदल यादव ने मिलकर उनके रिश्तेदार रामराजा (उम्र लगभग 65 वर्ष) के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। मारपीट के दौरान रामराजा के हाथ और कंधे में फ्रैक्चर हो गया, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि घटना के बाद से आरोपी लगातार पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार दहशत में है। मामले में कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 351(3), 352 एवं 115(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि विवेचना उपनिरीक्षक वीरेंद्र सिंह को सौंपी गई है और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से क्षेत्र में आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने आरोपियों के खिलाफ सख्तकार्रवाईकीमांगकीहै।

## वाहन की टक्कर, युवक गंभीर घायल

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राजघाट चौराहे पर लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आया है। ग्राम निनौरा, थाना जखौरा निवासी प्रसन्न कुमार लोधी को फोर-व्हीलर ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को लेकर कोतवाली पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित प्रसन्न कुमार लोधी 3 जनवरी की शाम करीब 4 बजे राजघाट चौराहे पर अपने गांव निनौरा जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज और लापरवाही से आ रही फोर-व्हीलर (क्रमांक एमपी 07 जेड एल 5431) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके बाएं पैर में गंभीर चोट आई और पंजे की हड्डी टूट गई। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद उन्होंने इलाज के लिए थाना जखौरा और चौकी राजघाट में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन काफी समय तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। करीब 20 दिनों से वह काम करने की स्थिति में नहीं हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। तीन छोटे बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारीभीउनकेसामनेहै। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी चालक द्वारा फोन के माध्यम से धमकी दी जा रही है। आखिरकार 13 फरवरी 2026 को कोतवाली में उनकी तहरीर पर बीएनएस की धाराओं 281, 125(बी) व 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की विवेचना उप निरीक्षक जोगेंद्र सिंह को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### एसपी ने अपराध की समीक्षा बैठक की, सख्त निर्देश दिए

# बोर्ड परीक्षा, महाशिवरात्रि, होली व अन्य पर्वों को शांतिपूर्ण कराने व्यवस्था बनाएं



**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन्स में सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी महाशिवरात्रि, होली सहित अन्य पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने, साथ ही बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए।

सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों की पारिवारिक एवं व्यक्तिगत समस्याएं सुनी गईं तथा उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं शाखा प्रभारियों को जनपद में अपराध नियंत्रण, विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण और प्रभावी कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में त्योहारों के दौरान मंदिरों की सुरक्षा, बॉक्स फार्मेशन में ड्यूटी, पिकेट व्यवस्था, भीड़ एवं यातायात प्रबंधन, सतत गश्त तथा मेला-कार्यक्रमों की निगरानी पर विशेष जोर दिया गया। वहीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित आवागमन, कड़ी निगरानी और शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। अपराध समीक्षा में यक्ष एप की एसओपी का शत-प्रतिशत अनुपालन, जनसुनवाई एवं आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, ऑपरेशन क्लीन के तहत माल निस्तारण, लंबित विवेचनाओं की समीक्षा, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, गैंगस्टर/गुंडाएक्ट वमाफियाविरोधीकार्रवाईतेजकरनेपर बलदियागया। इसके साथ ही अवैध शराब, मादक पदार्थ, जुआ-सट्टा, अवैध शस्त्र व विस्फोटक के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने, महिला अपराधों में मिशन शक्ति एसओपी के अनुसार सख्त कार्रवाई, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता अभियान, 1930 हेल्प लाइनके प्रचार-प्रसार तथाई-साक्ष्य एप के अनिवार्य उपयोग केनिर्देश दिए गए। बैठक में चोरी, लूट, छिनैती की घटनाओं के शीघ्र अनावरण, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी, गुमशुदा बच्चों की बरामदगी, सड़क दुर्घटनाओं में कमी हेतु यातायात जागरूकता, डायल-112 इवेंट्स के समयबद्ध निस्तारण और सीसीटीवी नेटवर्क के विस्तार पर भी दिशा-निर्देश जारी किए गए। अंत में आगामी ग्राम पंचायत चुनाव के दृष्टिगत निरोधात्मक कार्रवाई की समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

## जखौरा पुलिस ने साइबर अपराध से बचाव के लिए लोगों को जागरुक किया



**ललितपुर।** जनपद में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल द्वारा साइबर क्राइम जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में संचालित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने नागरिकों को साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिशिंग, स्लेबरी और आइडेंटिटी थेफ्ट जैसेसाइबर अपराधोंके तरीकों से अवगत कराते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए। साथ ही डीप फेक, एआई आधारित ठगी और तथाकथित डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, केवल प्ले स्टोर या आईओएस जैसे आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही एप डाउनलोड करें। बैंकिंग से जुड़ी जानकारी या ओटीपी किसी अनजान व्यक्ति को साझा न करें। सोशल मीडिया का उपयोग सतर्कता से करें, बिना पुष्टि किसी पोस्ट को शेयर न करें और अनजान लोगों की फ्रेरण्ड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। सभी डिजिटल खातों में मजबूत पासवर्ड और टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन अनिवार्य रूप से ऑन रखने की सलाह दी गई। साइबर फ्रॉड की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने, एनसीसीआरपी पोर्टल अथवा बेवसाइड पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। पुलिस ने बताया कि समय पर सूचना मिलने से साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में कार्रवाई कर वित्तीय नुकसान को रोका जा सकता है। समस्या होने पर निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना देने का भी आग्रह किया गया।

# अमेरिकी दबाव में झुका केंद्र: हरदयाल सिंह लोधी

### आयात शुल्क बढ़ोतरी से किसान-उद्योग संकट में: आप



**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी ने केन्द्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आप नेताओं ने इसे देश के किसानों, छोटे उद्योगों और आम नागरिकों के हितों के खिलाफ बताते हुए तत्काल अमेरिकी दबाव में लिए गए फैसलों को वापस लेने की मांग की है।

आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार अमेरिकी दबाव में आकर ऐसे निर्णय ले रही है, जिनसे देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उद्योगों को नुकसान पहुंच रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आयात शुल्क बढ़ोतरी से भारतीय कृषि उत्पाद, लघु एवं मध्यम उद्योग तथा रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। आप नेताओं ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क से भारतीय किसानों की फसलों के निर्यात पर संकट खड़ा हो गया है, वहीं छोटे व्यापारी और कारीगर भी आर्थिक दबाव में आ गए हैं। इससे महंगाई बढने और आम उपभोक्ता पर अतिरिक्त बोझ पडने की आशंका है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि विदेशी दबाव में इस तरह के निर्णय जारी रहे तो देश के स्वदेशी उद्योग कमजोर होंगे और बेरोजगारी बढ़ेगी। सपा ने मांग की कि केन्द्र सरकार राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए अमेरिकी आयात शुल्क का कड़ा विरोध करे और किसानों व उद्योगों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., बुद्धसिंह बुन्देला, रमेश कुमार, गोपालसिंह, प्रमोद नामदेव, मलखान, जगदीश, रमेश कुमार, लम्पू, भैय्यन, रिक्कू, राजा, गनेशराम रजक, हरीबाई, अंशुल जैन, मीना, शिवलाल, आम आदमी पार्टी के जिला व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता शामिल रहे। आप नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केन्द्र सरकार ने जल्द निर्णय नहीं बदला तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

### कांग्रेस का मनरेगा बचाओ आंदोलन तेज

# 17 को लखनऊ में विधानसभा घेराव का ऐलान



**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि केन्द्र की भाजपा सरकार मनरेगा को कमजोर कर इसे समाप्त करने की साजिश कर रही है। कांग्रेस का कहना है कि यह कानून देश के सबसे गरीब वर्ग के लिए गरिमा, सुरक्षा और जीवन-यापन की गारंटी है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले यूपीए सरकार द्वारा लागू महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी और पंचायतों को गांव स्तर पर निर्णय लेने का अधिकार मिला। कोविड-19 जैसे संकट के दौरान भी मनरेगा ग्रामीण भारत की जीवनरेखा साबित हुआ। भाजपा सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने के आरोप लगाते हुए मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला प्रभारी जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि जब तक मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में पूरी तरह बहाल नहीं किया जाता, तब तक सड़क से संसद तक संघर्ष जारी रहेगा। इसी क्रम में 3 जनवरी से देशभर में मनरेगा बचाओ आंदोलन शुरू किया गया, जो लगातार जारी है। प्रदेश में अब तक 5,000 से अधिक मनरेगा बचाओ चौपालों का आयोजन किया जा चुका है। 13 फरवरी को सभी 75 जनपदों में मनरेगा बचाओ पदयात्रा भी निकाली गई। आंदोलन के दूसरे चरण के तहत 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव का कार्यक्रम तय किया गया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस घेराव के माध्यम से राज्य सरकार से पूछा जाएगा कि केन्द्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए राज्य पर बोझ क्यों डाल रही है। साथ ही आरोप लगाया गया कि मनरेगा कानून में किए जा रहे बदलाव संघीय ढांचे को कमजोर करने का प्रयास हैं। कांग्रेस ने अपील की है कि 17 फरवरी को बड़ी संख्या में लोग लखनऊ पहुंचकर केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करें। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, मनरेगा जिला प्रभारी जसपाल सिंह बंटी व राजा राजपाल आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने दुष्प्रेरण के मामले में कार्रवाई की

# आत्महत्या को उकसाने के आरोप में कृष्णपाल हिरासत में

**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में की गई।

पुलिस के अनुसार कोतवाली ललितपुर थाने में पंजीकृत मुकदमा संख्या 157/2026 धारा 108 बीएनएस के तहत नामजद कृष्णपाल सिंह पुत्र खलक सिंह उर्फ पप्पू यादव (उम्र करीब 28 वर्ष), निवासी ग्राम झरकौन, थाना कोतवाली, जनपद ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। ग्राम झरकौन के मजरा हरपुरा निवासी भवानी सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कृष्णपाल द्वारा उनकी पुत्री को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। प्रताडऩा से तंग आकर उनकी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया, पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने सर्विलांस एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर



जांच तेज की और वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त कृष्णपाल ने बताया कि वह मृतका को पहले से जानता था और दोनों के बीच बातचीत होती थी। मृतका ने उसे सात लाख रुपये दिए थे, जिनकी वह मांग कर रही थी। रुपये वापस न करने और उसे परेशान किए जाने से क्षुब्ध होकर मृतका ने आत्महत्या कर ली। कृष्णपाल को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी अपनी पुलिस टीम के साथ शामिल रहे।

## ट्रेन में मोबाइल चोरी- ललितपुर, झारखंड पुलिस ने घर पर नोटिस चस्पा किया



**ललितपुर।** वर्ष 2023 में ट्रेन से चोरी गये मोबाइल फोन के आरोप में नामजद युवक के घर हाजिर होने का नोटिस चस्पा करने के लिए झारखण्ड राज्य की पुलिस ललितपुर पहुंची। यहां ललितपुर पुलिस के सहयोग से पिसनारी स्थित नामजद युवक के घर झारखण्ड पुलिस ने नोटिस चस्पा किया है। रेल थाना धनबाद में तैनात विश्वास भाजन व विनोद मुण्डरी ने ललितपुर पुलिस को पत्र लिखकर अवगत कराया कि मु.अ.संख्या 19/23 में 9 फरवरी 2023 को चोरी गये मोबाइल को लेकर रेल थाना धनबाद में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी, जिसमें ललितपुर जिले के कोतवाली क्षेत्रांतर्गत पुलिस चौकी गल्ला मण्डी क्षेत्र के राजघाट रोड स्थित मोहल्ला पिसनारी निवासी अनिल रैकवार के घर नोटिस चस्पा किया जाना है। ललितपुर पुलिस की मदद से झारखण्ड रेल थाना पुलिस ने पिसनारी बाग पहुंच कर अनिल रैकवार के घर नोटिस चस्पा किया। इस नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि अनिल रैकवार सीडीआर के आधार पर प्रथम दृष्टया नामजद अभियुक्त है। पुलिस ने धारा 41 ए के तहत तीन बार नोटिस तामिला कराकर अपना पक्ष रखने के लिए कहा, लेकिन अनिल रैकवार द्वारा कोई भी जबाव नहीं दिया गया। इश्तिहार चस्पा कर झारखण्ड रेल थाना पुलिस ने अनिल रैकवार को एक माह के अंदर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। उपस्थित न होने की दशा में कुर्की की कार्यवाही किये जाने की बात कही है।

# बस ने बाइक को रौंदा, मासूम सहित पिता पुत्र व रिश्तेदार की जान गई, चालक फरार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

बानपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। टीकमगढ़ से ललितपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार तीन लोगों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 6 वर्षीय मासूम बच्चे समेत तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया। हादसा ललितपुर-बानपुर मार्ग पर ग्राम गुगरवारा के पास भरौनी तिराहे के निकट हुआ।

जानकारी के अनुसार ग्राम तोर निवासी 27 वर्षीय देशपत पुत्र इमरत अपनी ससुराल चकोरा गया हुआ था। वहीं उसकी साली का पति 21 वर्षीय रिंकू पुत्र वीर सिंह, निवासी सुरई घाट कॉलोनी (कोतवाली सदर, ललितपुर) भी मौजूद था।शुक्रवार दोपहर देशपत अपने ससुर हनुमत की बाइक से रिंकू और अपने 6 वर्षीय पुत्र कार्तिक को लेकर ग्राम तोर से चकोरा लौट रहा था। शाम करीब आठ बजे जब तीनों भरौनी तिराहे के पास पहुंचे, तभी टीकमगढ़ से बानपुर होते हुए ललितपुर आ रही बस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।परिजनों के मुताबिक देशपत तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी पत्नी रचना दो महीने से मायके चकोरा में रह रही थी। वहीं रिंकू दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी शादी सात महीने पहले जयंती से हुई थी, जो एक माह से मायके में थी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह ने बताया कि बस को कब्जे में ले लिया गया है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है। चालक मौके से फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# रामनगर हाईवे पर ट्रक ने बाइक में टक्कर मारी, तीन घायल, एक की हालत गंभीर

### टक्कर लगने से तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े

**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

रामनगर हाईवे पर लापरवाह ट्रक चालक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक व्यक्ति की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली ललितपुर में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक 4 फरवरी 2026 की शाम करीब छह बजे दीवान लोधी निवासी ग्राम अधेर (थाना जखौरा) अपने मामा खिलान लोधी, चाचा मनोहर राजा तथा छोटे भाई भगवान लोधी के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे रामनगर हाईवे पर पहुंचे, पीछे से आ रहे ट्रक संख्या यू.पी. 93 डी.टी. 8355 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में दीवान लोधी के मामा खिलान लोधी के पैर में गंभीर चोट आई, जिसके चलते उन्हें झांसी के सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना में मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जोगेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

# चोरी, नकबजनी के दो आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

कोतवाली पुलिस ने चोरी, नकबजनी की घटनाओं में शामिल दो वांछित अभियुक्तों को शत-प्रतिशत चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हांसिल की है। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजते हुए न्यायालय में पेश किया गया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में की गई। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देश पर, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई संपन्न हुई। थाना कोतवाली में दर्ज मामले में महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी/मैनुअल सर्विलांस के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने घटना की जांच में सामने आये तालाबपुरा निवासी हिमेश उर्फ हरिश्चंद्र कुशवाहा व डोंडाघाट निवासी मंजीत पुत्र रंजीत राठौर को हिरासत में लिया है। बदमाशों के पास से पुलिस ने पीली धातु के रूप में एक टॉप्स व एक हार, सफेद धातु में एक जोड़ी पायल, एक गुच्छा व एक करधनी बरामद की है। बदमाशों को पकडऩे वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी मय पुलिस टीम के शामिल रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय सेवा शिविर संपन्न

# पौधरोपण के साथ प्लास्टिक पर रोक आवश्यक : प्राचार्य



**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की पांचों इकाइयों का एकदिवसीय शिविर महाविद्यालय में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर संपन्न हुआ। प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों जल, वायु, भूमि की रक्षा करना और गंदगी मुक्त परिवेश बनाए रखना सभी स्वयंसेवकों का लक्ष्य होना चाहिए। जिससे मानव स्वास्थ्य और पारिस्थितिक संतुलन बना रहे। यह कम करें, फिर से उपयोग करें, पुनर्चक्रण करें के सिद्धांतों को अपनाकर, वृक्षारोपण कर और प्लास्टिक पर रोक लगाकर हांसिल किया जा सकता है।

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, जो हवा को शुद्ध करते हैं और पर्यावरण को अनुकूल बनाते हैं वृक्ष धरा का आभूषण है प्रदूषण को दूर करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण ही एक स्वस्थ समाज और भविष्य की नींव है। कार्यक्रम अधिकारी अनीता ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण का प्रत्यक्ष सम्बन्धहै। आम पर्यावरण की समस्या एक वैश्विक समस्याहै। कार्यक्रम अधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि स्वच्छता का पर्यावरण से गहरा संबंध है सभी को पर्यावरण के प्रति गंभीर रहने की आवश्यकता है।कार्यक्रम अधिकारी डा.वर्षा साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सभी स्वयंसेवकों को स्वच्छता के साथ पर्यावरण की ओर ध्यान देना चाहिए। संचालन मानसी एवं शिवानी ने संयुक्त रूप से व आभार प्रिंसी साहू एवं दिव्या शर्मा ने व्यक्त किया।

कूट रचित दस्तावेजों से नौकरी पाने का आरोप


# बीपीएल राशन कार्ड में हेराफेरी का आरोप जांच के घेरे में आंगनबाड़ी सहायिका


## सीएमओ बोले - प्रथम दृष्टया गड़बड़ी, महिला बाल विकास विभाग सख्त, दस्तावेज गलत मिले तो सेवा समाप्ति तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कथित कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर नगर के वार्ड नंबर 13 (2) की आंगनबाड़ी सहायिका ने नौकरी हासिल करने और बीपीएल राशन कार्ड में नियमों की अनदेखी कर नाम स्वयं व बेटे का नाम जुड़वाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। शिकायत के बाद शुरू हुई जांच ने पूरे प्रकरण को गंभीर बना दिया है और अब संबंधित आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी पर संकट गहराता नजर आ रहा है।

नगर प्रशासन के सीएमओ इकरार अहमद ने प्रारंभिक जांच के आधार पर मामले को संदिग्ध बताया है। उनका कहना है कि प्रथम दृष्टया दस्तावेजों में गड़बड़ी या गलती दिखाई दे रही है, हालांकि अंतिम स्थिति जांच रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगी। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग ने भी इस मामले में सख्त रुख अपनाया है। विभागीय सीडीपीओ लवकेश अग्रवाल ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि दस्तावेज कूट रचित या नियम विरुद्ध पाए गए तो संबंधित महिला की सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।






### बिना एसडीएम की अनुशंसा के कैसे जुड़ गया बीपीएल में नाम

आंगनबाड़ी सहायिका रजनी व उनके बेटे का बीपीएल कार्ड में नाम बिना एसडीएम की अनुशंसा के जोड़ दिया गया। वहीं आरटीआई में दिए गए जबाव में नाम जोड़ने का आधार पार्षद की अनुशंसा व दिया गया शपथ बताया गया है जो अपने आप में हैरत करने वाली बात है। जांच के दायरे में आई रजनी लोधी पर आरोप है कि बीपीएल राशन कार्ड में पात्रता नियमों को दरकिनार कर नाम जोड़े गए, जिससे नियुक्ति प्रक्रिया की वैधता पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले ने सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता और पात्रता निर्धारण प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि आरोप सही साबित होते हैं तो यह मामला विभागीय कार्रवाई से आगे बढ़कर कानूनी दायरे में भी जा सकता है। अब पूरे मामले में जांच रिपोर्ट का इंतजार है, जो तय करेगी कि यह लापरवाही थी या सुनियोजित फर्जीवाड़ा।

### बीपीएम कार्डहोल्डर सालों से है शहर से गायब

जिस व्यक्ति के नाम पर बीपीएल जारी किया गया था वह राजाराम लोधी को वार्डवासियों ने सालों ने नहीं देखा है। वह ललितपुर का रहने वाला था। ऐसा बताया जा रहा है कि वह अपने घर ही चला गया हो। ऐसे में जब बीपीएल कार्ड होल्डर ही सालों से यहां नहीं है तब रजनी स्वयं का व अपने बेटे का नाम कैसे जुड़वा सकती है जबकि रजनी के पति लखन का नाम बीपीएम सूची में है ही नहीं।

### क्या है पूरा मामला

- कूट रचित दस्तावेजों से नौकरी पाने का आरोप
- बीपीएल राशन कार्ड में नियम विरुद्ध नाम जोड़ने की शिकायत
- सीएमओ ने माना मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध
- महिला बाल विकास विभाग ने दी सख्त चेतावनी
- दस्तावेज गलत पाए गए तो सेवा समाप्ति तय
- विभागीय जांच जारी, रिपोर्ट के बाद कार्रवाई

### क्यों महत्वपूर्ण है मामला

- सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता पर सवाल
- पात्रता सत्यापन प्रणाली की विश्वसनीयता पर असर
- विभागीय निगरानी तंत्र पर उठे प्रश्न
- दोष सिद्ध होने पर कानूनी कार्रवाई संभव

### इनका कहना है...


प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। अंतिम निर्णय जांच रिपोर्ट के बाद होगा।

**इकरार अहमद, सीमएओ नगरीय प्रशासन ब्यावरा**

यदि दस्तावेज गलत पाए गए तो संबंधित कर्मचारी की नौकरी समाप्त कर दी जाएगी।

**लवकेश अग्रवाल, सीडीपीओ महिला बाल विकास ब्यावरा**

## कांग्रेस पार्षदों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैए को लेकर 16 को धरना




**कुरावर।** ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस के नेतृत्व में 16 फरवरी को नगर पंचायत कुरावर के कांग्रेस के पार्षदों के साथ मिलकर धरना दिया जाएगा। नगर परिषद कुरावर द्वारा कांग्रेस के पांचो पार्षदों के साथ पिछले 2 वर्ष से भेदभाव पूर्ण तरीके से काम किया जा रहा है। जिन कार्यों की स्वीकृति एक से दो वर्ष पहले हो चुकी है लेकिन आज दिनांक तक उन कार्यों को चालू नहीं किया गया न कोई संतुष्टि पूर्वक जवाब दिया जा रहा है। इसके विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कुरावर एवं शहर कांग्रेस के नेतृत्व में सभी पार्षद नेतागण कार्यकर्ता सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कुरावर शहर के वार्ड वासी एवं आम नागरिक उपस्थित रहेंगे। सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से अपील है की सभी कार्यकर्ता नगर पंचायत के सामने धरना आंदोलन में पधारने का कष्ट करें।

## नगर की जीवनदायनीय कालीसिंध किनारे पड़ा कचरा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर नगर का निकलने वाला कचरा वैसे तो टेंचिग ग्राउंड पर डालने की अधिकृत जानकारी नगर पालिका स्वच्छता विभाग को है किंतु नगर के जागरूक नागरिकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पाडल्या रोड पुराने शमशान परिसर के आसपास बड़ी मात्रा में शहर से निकला कचरा बदबू मार रहा है। इसी मार्ग पर खेड़ापति हनुमान मंदिर पीर मिट्ठे दरगाह एवं प्रसिद्ध कपिलेश्वर तीर्थ धाम सहित नरसिंह मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं का मार्ग है ऐसे में गर्मी के मौसम में उक्त कचर हवा से उड़कर नगर की जीवन दायनीय कालीसिंध नदी में मिलने के साथ ही शेष जमा कचरा बदबू मार रहा है।

### ट्रेंचिंग ग्राउंड पर अव्यवस्था

नगर से निकलने वाला कचरा वैसे तो टेंचिग ग्राउंड पर डालने का क्रम जारी है किंतु उक्त कचरा अब टेंचिंग ग्राउंड से मुख्य मार्ग पर जोड़ने वाली सड़क पर आ गया लेकिन इस और अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाएं गए।

### इनका कहना

सुरक्षा के अभाव में अभी प्राप्त मशीन चालू नहीं की गई है। ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए टेंडर जारी हुआ है जल्द ही मशीनें लगाई जाएगी।

**ज्योति सुनहरे सीएमओ, नगर पालिका सारंगपुर**

## फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

जिले में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी द्वारा थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मामलों में फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जाए। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ केएल बंजारे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार दबिश एवं तलाश अभियान चलाया गया। 10 जनवरी को पीड़िता द्वारा थाना नरसिंहगढ़ में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी लखपत गुर्जर निवासी ग्राम सराना, थाना नरसिंहगढ़ द्वारा उसे डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। रिपोर्ट पर थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 22/26 धारा 64(1), 64(2)(उ), 87, 351(3) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी की संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाश की गई। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 11 फरवरी को आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जहां से अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## शिवमहापुराण कथा का आयोजन

**जीरापुर।** शिवरात्रि के अवसर पर नगर में शिव महापुराण कथा का आयोजन 13 फरवरी से शुरु हो गया। कथा का नौ दिवसीय आयोजन का समापन पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण से होगा। शिव महापुराण कथा का श्रवण पं. अनुराग कृष्ण महाराज के मुखारविंद से प्रथम दिवस हुआ जिसमें शिव महिमा एवं भगवान शिव के प्रसंग का मार्मिक ढंग से चित्रण करते हुए बताया कि शिव जगत के पालनहार हैं जो बहुत जल्दी प्रसन्न होकर भक्तों पर कृपा करते हैं। महाशिवरात्रि पर्व एवं शिवमहापुराण कथा को लेकर 9 फरवरी से विभिन्न धार्मिक आयोजन का क्रम जारी हुआ जहां पर शिव विवाह समारोह के आयोजन का श्री गणेश किया गया जिसमें लग्न लिखना एवं भेजना एवं बारात का बाना करना तथा अन्य आयोजन रखे गए।

## छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपियों को कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश चितेंद्र सिंह सोलंकी ने छेड़छाड़ एवं लैंगिक उत्पीड़न के मामले में दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है।

न्यायालय में प्रचलित प्रकरण क्रमांक 750/2025 में बद्रीलाल पिता कन्हैयालाल नागर एवं अजय पिता सियाराम सेन निवासी दराना, जिला राजगढ़ को दोषसिद्ध पाया गया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को एक-एक वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000-1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। साथ ही धारा 75(1)(पअ)(3) के अंतर्गत छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास एवं 1000-1000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त लोक अभियोजक शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि पीड़िता ने 24 अगस्त 2025 को थाना लीमा चौहान में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 21 अगस्त 2025 को लोन संबंधी कार्य से एक व्यक्ति के घर आने के बाद पीड़िता घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने उसे धमकाते हुए हाथ पकड़ लिया और अशोभनीय टिप्पणियां करते हुए धमकी दी। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी फरार हो गए तथा गांव में उसके बारे में अफवाह फैलाने लगे। पुलिस ने त्वरित विवेचना कर साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया। साथ ही पीड़िता को मध्यप्रदेश पीड़ति प्रतिकर योजना 2015 के तहत सहायता देने की अनुशंसा की गई।

जल अर्पण दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित

## जल संरक्षण संबंधी नारों की तख्तियां लेकर किया प्रचार-प्रसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

जिले की गोरखपुरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत रोज्या में जल अर्पण दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीणों ने सतत एवं शुद्ध जल आपूर्ति की खुशी में अपने घरों के बाहर रंगोलियां सजाईं तथा नल कनेक्शन के समीप दीप प्रज्वलित कर जल दिवाली मनाई। शुक्रवार को जल अर्पण दिवस के उपलक्ष्य में रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ मिडिल स्कूल परिसर से ढोल-नगाड़ों के साथ हुआ। साथ ही इसमें बच्चे जल संरक्षण संबंधी नारों की तख्तियां लिए अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे, उनके पीछे कन्याएं मंगल कलश लेकर शामिल हुईं। ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं जल निगम के अधिकारी- कर्मचारी जल संरक्षण, जल बचाव और जल कर भुगतान के प्रति जागरूकता के नारे लगाते हुए सम्मिलित हुए। रैली पूरे ग्राम का भ्रमण कर ग्राम पंचायत परिसर में संपन्न हुई।

इसके बाद मुख्य समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्यामसिंह दांगी, विशिष्ट अतिथि के रूप में जल निगम महाप्रबंधक उमाकांत चैधरी एवं पूर्व सरपंच भारत सिंह वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच जगदीश दांगी ने की।

### जल की बर्बादी रोकने का किया आह्वान

अतिथियों ने अपने संबोधन में योजना के सफल संचालन हेतु नलों में टोंटियां लगाए रखने, जल की बर्बादी रोकने तथा समय पर जल प्रभार राशि जमा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा विभिन्न स्त्रोतों से लाया गया जल ग्राम की नल-जल योजना के लोक समर्पण के प्रतीक स्वरूप अतिथियों द्वारा एक विशाल कलश में अर्पित किया गया।जल निगम महाप्रबंधक ने नल-जल योजना से संबंधित संपूर्ण दस्तावेज पंचायत सरपंच एवं सचिव को सौंपे। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर ही पंचायत द्वारा ऑनलाइन माध्यम से जल कर के बल्क बिल की राशि जल निगम खाते में हस्तांतरित की गई। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा वर्कर को पानी की गुणवत्ता जांच के लिए फील्ड टेस्टिंग किट भी वितरित की गई।

## नरसिंहगढ़ सिविल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर में 19 यूनिट रक्त संग्रह किया



**नरसिंहगढ़।** स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता (नानाजी) की पुण्यतिथि के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के युवा प्रकोष्ठ, तहसील नरसिंहगढ़ के तत्वावधान में 13 फरवरी को सिविल हॉस्पिटल नरसिंहगढ़ में दोपहर 12 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 19 यूनिट रक्त दान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। रक्तदान शिविर के सफल संचालन में बीएमओ डॉ. गौरव त्रिपाठी तथा अस्पताल स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश विजय वर्गी ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों और चिकित्सकीय टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुकेश गुप्ता, जया भंडारी, साधना अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## भागवत कथा में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भोलेनाथ स्थान ब्लडी हासरोद में समस्त ग्राम वासियो के द्वारा आयोजित भागवत कथा एवं रुद्रयज्ञ के चौथे दिवस कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्द घर आनन्द भयो के साथ पूरा पांडाल झूम उठा,, कथा प्रवक्ता पंडित सतीश नागर ने कथा प्रसंग में कहा, सच्चे प्रेम और भक्ति से भगवान की प्राप्ति हो जाती है ओर कहा कि अपने घर मे अपने माता पिता ओर बड़ो बूड़ो की सेवा सम्मान हमेसा करना चाइये एवम उनके साथ बैठने का समय निकालो जिससे हमें उनके अनुभव और अच्छी सीख मिल सके। ये कथा 15 फरवरी शिवरात्रि तक चलेगी। ग्रामवासियों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में भक्तों को आने की अपील की हैं।

शहर के आसपास कचरे का लगा ढेर, नदी हो रही प्रदूषित

## सुरक्षा के अभाव में कचरा मशीन बनी शो पीस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महात्मा गांधी के सपने को साकार करते हुए पूरे भारत वर्ष में स्वच्छ भारत मिशन योजना लागू की गई। इसके तहर गांव एवं नगरों में घरों से मिलने वाला कचरा उठाने तथा नियत स्थान पर डालने के लिए वाहन उपलब्ध कराए गए तथा टेंचिंग ग्राउंड पर एकत्रित कचरे का निष्पादन करने एवं कचरे से जैविक खाद बायो डीजल आदि बनाने के लिए लाखों रुपए स्वीकृत किए। इतना ही नहीं टेंचिग ग्राउंड पर गीला कचरा सूखा कचरा सहित प्लास्टिक पॉलीथिन आदि का अलग अलग भंडारण कर निष्पादन हेतु लाखों की मशीनें उपलब्ध कराई गई ताकि गांव एवं शहर कचरा एवं प्रदूषण मुक्त हो। लेकिन प्रधानमंत्री के सपनों में सारंगपुर में कचरा वाहनों पर स्वच्छता गीत के अलावा कुछ सुनाई नहीं देता है। कचरा वाहन गलियों में पहुंचते है और स्वच्छता के गाने गुनगुनाते सुनते ही घर एवं दुकान वाले अपना कचरा गाड़ियों में डालते हैं। वही कचरा गाड़ी उस कचरे को ले जाकर शहर के उत्तर एवं दक्षिण भाग में खाली कर आ जाते हैं लेकिन उस कचरे के निष्पादन की कोई प्रक्रिया समाचार लिखे जाने तक शुरू नहीं की गई।

सारंगपुर नगर पालिका को कचरा निष्पादन के लिए स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत विभिन्न प्रकार की मशीनें राज्य शासन की और से उपलब्ध कराई गई थी ताकि शहर कचरा मुक्त दिखे लेकिन जो मशीनें उपलब्ध ही थी उन मशीनों को नगर के पुराने फिल्टर प्लांट प्रांगण में शो पीस के रूप में रखवाई गई है उन पर वर्षों से धूल जम रही हैं लेकिन नगर पालिका प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं है। इस संबंध में सारंगपुर नपा सीएमओ ज्योति सुनहरे का कहना है कि सुरक्षा के अभाव में अभी प्राप्त मशीन चालू नहीं की गई है, जल्दी ही शुरू होगी।

विजया एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया

## खाटू श्याम मंदिर पर उमड़े श्रद्धालु , नगर से निकली झंडा यात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में शुक्रवार को विजया एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं और पूरा वातावरण 'जय श्री श्याम' के जयकारों से गूंज उठा। पर्व के लिए मंदिर प्रबंधन समिति ने विशेष तैयारियां की थीं। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और आकर्षक सजावट से मंदिर परिसर को भव्य रूप दिया गया था। श्रद्धालु श्रृंगार और सुसज्जित दरबार की एक झलक पाने के लिए उत्सुक दिखे।

कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः मंगला आरती से हुई। इसके बाद दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष आरतियों का क्रम जारी रहा। दोपहर और शाम की आरती के समय मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित दर्शन के लिए पहुंचे। इस अवसर पर कई गांवों और मोहल्लों से निशान यात्राएं भी निकाली गईं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते बाबा के दरबार पहुंचे और निशान अर्पित किए। पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहे। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था और यातायात का डायवर्जन कर व्यवस्था बनाए रखी गई। नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। यह आयोजन भक्ति और उत्साह से भरा रहा तथा नगर के लिए यादगार बन गया। विजया एकादशी पर बाबा श्याम के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक था।